रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

''विज्ञान सर्वत्र पूज्यते'' साइंस वीक फेस्टिवल
(22 से 28 फरवरी 2022 तक)

जबलपुर 11 फरवरी 2022। विश्वविद्यालय में आज मान. कुलपति प्रो कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता एवं कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह की उपस्थिति में कुलपति कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि ''विज्ञान सर्वत्र पूज्यते'' आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं विज्ञान प्रसार भारत सरकार एवं विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 22 फरवरी से 28 फरवरी, 2022 तक विज्ञान सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। जो देश में 75 स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा और सभी कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण दूरदर्शन एवं अन्य माध्यमों से भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा एवं समापन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

मध्यप्रदेश में जबलपुर, इंदौर एवं भोपाल को चयनित किया गया है। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के तत्वावधान में यह सप्ताह आयोजित किया जाएगा। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर को इस आयोजन के स्थानीय संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। माननीय कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि यह अत्यन्त गौरव का विषय है कि वैज्ञानिक शोध को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में मात्र इस विश्वविद्यालय को इस दायित्व के लिए चुना गया। विश्वविद्यालय से प्रो. सुरेंद्र सिंह समन्वयक, प्रो. सुनीता शर्मा सह समन्वयक, म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के डॉ एन.के. शिवहरे, डॉ पी.के. दिघर्रा एवं डॉ निपुन सिलावट संयोजन का कार्य देखेंगे।

बैठक में वित्त नियंत्रक श्री रोहित सिंह कौशल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो विवेक मिश्रा, श्री विनोद जारोलिया, डॉ अजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे। इसमें जबलपुर के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को सभी सात दिन के कार्यक्रम में सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।